हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, शनिवार 25 अक्टूबर 2025
[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]


## DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN

छत्तीसगढ़ का पहला सर्वसुविधायुक्त 20 बिस्तरीय आयुर्वेद अस्पताल


मा.मुख्यमंत्री-
श्री विष्णुदेव साय जी द्वारा सम्मानित


मा. पूर्व मुख्यमंत्री-
श्री भूपेश बघेल जी द्वारा सम्मानित





मा. विधान सभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री-
डॉ. रमन सिंह जी द्वारा सम्मानित

मरीजों की भर्ती की सुविधा उपलब्ध

### उपलब्ध सुविधाएँ

**पंचकर्म**
- वमन
- विरेचन
- शिरोधारा
- अभ्यंग
- स्वेदन
- नस्य
- बस्ति

**दर्द निवारण**
- घुटने का दर्द (संधि वात)
- गठिया वात
- गृध्रसी (सायटिका)
- कमर दर्द
- गर्दन दर्द
- ए.वी.एन.
- आमवात (आर.ए.)

**नेत्र रोग**
- पास या दूर का न दिखना
- धुंधला दिखना
- आँखों में दर्द/जलन
- आँखों से पानी आना
- आँखों का सूखापन
- चश्मे का नम्बर कम या ज्यादा होना

**मल द्वार संबंधित**
- पाइल्स (बवासीर)
- फिशर (विदर)
- फिस्टुला (भगन्दर)
- पिलोनिडल साइनस

**स्त्री रोग**
- माहवारी संबंधित रोग
- PCOD, PCOS
- सफेद पानी का जाना
- बांझपन

**मनोरोग**
- अवसाद (डिप्रेशन)
- अनिद्रा
- पार्किंसंस
- स्मृति भ्रम

**पेट संबंधित बीमारियाँ**
- पाचन संबंधित समस्त विकार
- कब्ज
- पेट फूलना
- भूख न लगना

**बच्चों के रोग**
- Cerebral Palsy
- बिस्तर गीला करना
- Hyperactivity
- Immunity
- शारीरिक विकास
- Autism

**चर्म रोग**
- सोरायसिस
- दाद, खाज, खुजली
- कील-मुहाँसे
- सफेद दाग
- बालों का सफेद होना व झड़ना

**जीवन शैलीगत रोग**
- डायबिटिज
- थायरॉइड
- ब्लड प्रेशर
- मोटापा

**लेजर/क्षारसूत्र द्वारा मलद्वार संबंधित सभी बीमारियों का इलाज किया जाता है।**

तुरंत राहत | कम लागत
पूर्णतः आयुर्वेदिक | कोई साइड इफ़ेक्ट नहीं



मल द्वार में मस्से, खून, जलन, दर्द, मवाद, खुजली, सूजन, मलत्याग में कठिनाई
ये लक्षण - पाईल्स, (बवासीर), भगंदर (फीस्टूला) जैसे गुदारोग हो सकते है
एवं अन्य गंभीर बीमारियों का कारण भी बनते है।

उचित दरों पर सर्जरी की सुविधा उपलब्ध

**छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त**
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति
(MEDICAL REIMBURSEMENTS)
हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

समस्त हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियों से इलाज के बाद REMBURSEMENTS की सुविधा उपलब्ध

### हमारे विशेषज्ञ


**Dr. Avinash Bais**
Chief Medical Officer, MD Ayurveda Panchakarma Specialist, Acupuncture Specialist, 28 Years of Experience


**Dr.M.Faizan Khan**
Senior Orthopedic Physiotherapist and Manual Therapist MPT Orth (New Delhi), 16 Years of Experience


**Dr.Damini Sahu**
BAMS, Anorectral Specialist Ksharsutra Specialist(Hubli, Karnataka),Prakriti Analyst (NIA, Jaipur), 5 Years of Experience


**Dr. Gourav Dewangan**
BAMS, Ex.RAV (Delhi)
5 Years of Experience


**Dr. Parul Tiwari**
BAMS CCPT (Maharastra) Infertility Specialist (Maharastra) Garbha Sanskar Specialist (Gujrat), 4 Years of Experience


**Dr. Aastha Sanadhya**
B.A.M.S. Skin Specialist (Maharashtra)
2 Years of Experience


**Dr. Abhimanyu Sahu**
B.A.M.S. Pain Consultant (Bengaluru), Agnikarma Specialist (Bengaluru) Chiropractor (Bengaluru), Pancha karma Specialist (Kerala) Dorn Specialist (Germany),10 Years of Experience | Reg. No. 03858A

## डॉ. अभिमन्यु आयुर्वेद मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
सेक्टर - 7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर-कृष्णा टॉकीज के सामने,समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666

हॉस्पिटल की लोकेशन हेतु स्कैन करें

# कांग्रेस जिलाध्यक्षों पर दिल्ली में मंथन, छग के नेताओं से एआईसीसी ने लिया फीडबैक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खास खबर

कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान को लेकर पर्यवेक्षकों की रिपोर्ट पर प्रदेश के नेताओं के साथ पहली बैठक हुई। एआईसीसी महासचिव केसी वेणुगोपाल और प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट ने प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं से चर्चा कर फीडबैक लिया। पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने एआईसीसी की बैठक पर कहा, कांग्रेस जिलाध्यक्षों की सूची पर फाइनल मुहर नहीं लगी है। जल्द ही जिलाध्यक्षों की सूची पर मुहर लग जाएगी। आलाकमान ने हमसे फीडबैक लिया है। फैसला अब उनके हाथ में है।

कांग्रेस जिला अध्यक्षों के नामों पर चर्चा के लिए गुरुवार को दिल्ली में पहले चरण की बैठक हुई। इसमें छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व सीएम भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता टीएस सिंहदेव शामिल हुए। दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में हुई बैठक में केसी वेणुगोपाल राव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट भी मौजूद रहे।

## दिल्ली में छत्तीसगढ़ के कांग्रेस नेताओं की पहले चरण की बैठक



### फाइनल सूची जल्द

कांग्रेस जिला अध्यक्षों की सूची पर फाइनल मुहर नहीं लगी है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, जल्द ही जिलाध्यक्षों की सूची पर मुहर लग जाएगी। आलाकमान ने हमसे फीडबैक लिया है। फैसला अब उनके हाथ में है। वहीं पीसीसी अध्यक्ष समेत राज्य की पूरी लीडरशिप एक मंच पर थी।

### सोशल मीडिया पर उमड़ा दर्द

छत्तीसगढ़ कांग्रेस के जिलाध्यक्षों की सूची अभी घोषित नहीं हुई है, लेकिन अंदरूनी घमासान और नाराजगी खुलकर सामने आने लगी है। पार्टी के भीतर चल रही हलचल अब सोशल मीडिया के जरिए बाहर दिखने लगी है। रायपुर जिले से जिलाध्यक्ष पद के दावेदार और वरिष्ठ कांग्रेस नेता श्रीकुमार मेनन ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट डालकर अपना दर्द बयां किया है। उन्होंने पोस्ट में 'धोखा', 'गद्दार' और 'पीठ में छुरा' जैसे शब्दों का प्रयोग किया है, जिससे राजनीतिक हलकों में हलचल मच गई है। इधर भारतीय जनता पार्टी कांग्रेस पार्टी पर निशाना साध रही है।

## खबर संक्षेप



### राज्यपाल डेका से कावड़िया ने की मुलाकात

**रायपुर।** राज्यपाल रमेन डेका से गुरुवार को राजभवन में छत्तीसगढ़ दिव्यांगजन वित्त विकास निगम के अध्यक्ष लोकेश कावड़िया ने सौजन्य भेंट की। उन्होंने राज्यपाल को दीपावली की शुभकामनाएं दीं। साथ ही दिव्यांगजनों द्वारा हस्त निर्मित मोमबत्ती, कुकीज, चॉकलेट, बॉटल ऑफ आर्ट आदि सामग्री भेंट की। राज्यपाल ने भी उन्हें दीपावली शुभकामनाएं दीं। श्री कावड़िया ने दिव्यांगजनों के हित से जुड़े विषयों पर राज्यपाल को जानकारी दी। राज्यपाल श्री डेका ने प्रदेश में दिव्यांजनों के लिए संचालित गतिविधियों के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन दिया।

### सीएम साय ने मरवाही विधायक की माताजी के निधन पर दी श्रद्धांजलि



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय गुरुवार को विधायक एवं मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रणव कुमार मरपच्ची की माताजी स्व. चंदन बाई की तेरहवीं एवं श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने श्रद्धांजलि सभा में दिवंगत आत्मा को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर श्री मरपच्ची सहित शोक संतप्त परिवार के सदस्यों से मिलकर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने ईश्वर से प्रार्थना की कि वे उनकी आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और परिवार को यह अपार दुख सहने की शक्ति प्रदान करें।

### पीएम सूर्यघर योजना की जानकारी के लिए कार्यशाला

**रायपुर।** बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के विद्युत संभाग भाटापारा द्वारा गुरुवार को जनपद पंचायत कार्यालय, भाटापारा में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में सीएसपीडीसीएल के अधिकारी, क्षेत्रीय राइस मिलर्स, वेंडर्स, जनप्रतिनिधि और योजना के हितग्राही उपस्थित रहे। कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यशाला में अधिकारियों द्वारा योजना के लाभ, सोलर पैनल इंस्टालेशन, सरकार द्वारा सब्सिडी, वेंडर सूची और ऋण प्रावधान के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

### पटाखा फोड़ने से मना किया तो महिला को ही पटाखे से जलाया

**रायपुर/भिलाई।** भिलाई छावनी थाना अंतर्गत न्यू संतोषी पारा कैम्प-2 में पटाखा फोड़ने को लेकर उपजे विवाद में प्रियंका नामक महिला पर ही पटाखा फेंककर जला दिया। महिला के पति जितेंद्र चौधरी की शिकायत पर पुलिस ने गोवर्धन यादव और सूरज यादव के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि घटना 22 अक्टूबर को शाम करीब साढ़े 7 बजे की है। जितेंद्र पेशे से क्रेन ऑपरेटर है। पड़ोस में रहने वाले आरोपी गोवर्धन और सूरज पटाखा फोड़ रहे थे। मना करने पर उन्होंने गाली गलौच शुरू कर दिया। इस बीच जितेंद्र की पत्नी प्रियंका बाहर आई।

## खाद्य भंडारण पर असर पड़ने से राशन दुकान संचालकों की बढ़ी दिक्कतें

# गुढ़ियारी गोदाम से राशन दुकानों को अनाज सप्लाई बंद, संचालकों और जनता की बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

नागरिक आपूर्ति निगम (नान) के राजधानी रायपुर स्थित गुढ़ियारी गोदाम से उचित मूल्य की दुकानों को खाद्यान्न की सप्लाई विभाग ने बंद कर दी है, जिसका असर खाद्यान्न भंडारण पर पड़ने लगा है। गुढ़ियारी गोदाम से ही शहर के उचित मूल्य की दुकानों में चावल, शक्कर एवं नमक की सप्लाई की जाती है, लेकिन अचानक गोदाम से होने वाली सप्लाई बंद कर देने से दुकानों में समय पर खाद्यान्न का भंडारण नहीं हो पा रहा है, जिसके कारण कई दुकानों से हितग्राहियों को भी बैरंग लौटना पड़ रहा हैं। इधर नागरिक आपूर्ति निगम के जिला अधिकारी गोदाम से सप्लाई बंद करने के मामले में कुछ भी जानकारी देने से बच रहे हैं, जबकि दूसरी ओर सूत्रों से पता चला है कि गुढ़ियारी गोदाम में चावल वितरण को लेकर कोई बड़ी गड़बड़ी हुई है, जिसके कारण विभाग ने इस गोदाम से दुकानों में की जाने वाली सप्लाई पर फिलहाल रोक लगा दी है।

### दीपावली के पहले से सप्लाई बंद

नागरिक आपूर्ति निगम रायपुर ने दीपावली त्योहार के करीब दो सप्ताह पहले से गुढ़ियारी गोदाम से उचित मूल्य की दुकानों को डिमांड के अनुसार चावल, शक्कर एवं नमक की सप्लाई की जाती थी। इस गोदाम से ज्यादातर शहर की छोटी-छोटी राशन दुकानों में खाद्यान्न की सप्लाई की जाती है। ये दुकानें गली-मोहल्लों में खुली हुई हैं। इन दुकानों में खाद्यान्न पहुंचाने के लिए छोटी वाहन का ही इस्तेमाल किया जाता है, लेकिन गुढ़ियारी गोदाम से सप्लाई पर रोक लगाने के कारण इन छोटी-छोटी दुकानों में खाद्यान्न की सप्लाई भी प्रभावित हो रही है।



### मंदिर हसौद गोदाम से की जा रही सप्लाई

गुढ़ियारी गोदाम की जगह अब शहर में संचालित राशन दुकानों में खाद्यान्न की सप्लाई मंदिर हसौद स्थित नागरिक आपूर्ति निगम के गोदाम से की जा रही है। शहर से मंदिर हसौद की दूरी 17 किलोमीटर है। दूरी ज्यादा होने के कारण मंदिर हसौद से शहर में सप्लाई करने में जहां अधिक समय लगता है, वहीं दूसरी ओर मंदिर हसौद गोदाम में सप्लाई का भार भी बढ़ गया है, जिससे सप्लाई की रफ्तार भी धीमी हो गई है।

### चावल वितरण में गड़बड़ी के कारण गुढ़ियारी गोदाम से सप्लाई बंद

*सूत्रों से पता चला है कि नागरिक आपूर्ति निगम के गुढ़ियारी गोदाम से खाद्यान्न की सप्लाई बंद करने की मुख्य वजह चावल वितरण में गड़बड़ी है। बताया जा रहा है कि इस गोदाम से ऐसे दुकानों को पहले चावल की सप्लाई की जा रही थी, जहां पुराना स्टॉक ही खत्म नहीं हुआ है। इन दुकानों के ऑनलाइन स्टॉक में भरपूर मात्रा में चावल दिखा रहा था। इसके बाद भी उन्हीं दुकानों को दोबारा चावल भेजा जा रहा था, जबकि दूसरी ओर जिन दुकानों में चावल खत्म हो चुका है, उन्हें समय पर सप्लाई ही नहीं की जा रही थी। सूत्रों के अनुसार, यह सारा खेल कमीशन की आड़ में चल रहा था। इस तरह की शिकायतें मिलने के बाद ही विभाग ने बड़ा निर्णय लिया है और गुढ़ियारी गोदाम से सप्लाई को फिलहाल बंद किया है।*

### अफसरों ने साधी चुप्पी

इस मामले में नागरिक आपूर्ति निगम रायपुर के अधिकारी कुछ भी जानकारी देने से बच रहे हैं। इस मामले को लेकर हरिभूमि ने नान डीएम विनोद बडिचा से मोबाइल पर संपर्क साधा, लेकिन उन्होंने कोई रिस्पांस नहीं दिया। नान कार्यालय में पदस्थ कर्मचारियों ने बताया कि विनोद बडिचा के पास महासमुंद का भी चार्ज है, इसलिए वे हर दिन रायपुर कार्यालय नहीं आते और अगर आते भी है तो सेकेंड हॉफ में लगभग 3 से 4 बजे के बीच पहुंचते हैं।

### फिलहाल मंदिर हसौद से सप्लाई

गुढ़ियारी गोदाम से सप्लाई बंद कर अब मंदिर हसौद से की जा रही है। इसके पीछे क्या कारण है। इसकी जानकारी अधिकारी ही दे पाएंगे।

**- संगीता सिंह,**
प्रभारी नान गोदाम
मंदिर हसौद

### बढ़ेगी परेशानी

गुढ़ियारी से सप्लाई बंद होने से शहर की राशन दुकानों में समय पर खाद्यान्न का भंडारण नहीं हो पाएगा। इससे संचालकों के साथ हितग्राहियों को भी परेशानी होगी।

**-नरेश बाफना**
अध्यक्ष,
पीडीएस संघ, रायपुर

## दीपक बैज बोले

# तीन दिन में 45 मारपीट-चाकूबाजी की घटनाएं पुलिस की नाकामी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने राजधानी में दीपावली त्योहार के दौरान तीन दिनों में 45से अधिक मारपीट और चाकूबाजी की घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा, त्योहार के समय पूरे प्रदेश में दर्जनभर से अधिक हत्याएं और हत्या के प्रयास की घटनाएं हुई हैं। ये घटनाएं प्रदेश के जनमानस में असुरक्षा की भावना पैदा करती हैं। आए दिन हत्या, चाकूबाजी, लूटपाट, डकैती, अपहरण, बलात्कार, गोलीबारी की घटनाएं हो रही हैं, नशीली दवाइयों की तस्करी बढ़ गई है, जेल में भी अपराधी बेलगाम हो रहे हैं। प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से फ्लॉप हो गई है, अपराधी अनियंत्रित हो गए हैं।



■ भाजपा सरकार बनने के बाद कानून व्यवस्था बदहाल

मुख्यमंत्री गृह विभाग की नाकामी को लेकर मौन हैं या प्रदेश की जमीनी हकीकत को देखना ही नहीं चाहते। बेहद हास्यास्पद लगता है कि व्यवस्था सुधारने के बजाय सरकार पुलिस प्रणाली बदलने की कवायद में लगी है। वर्तमान व्यवस्था में ही ईमानदार अधिकारियों को काम करने दिया जाए और अपराधियों को सत्तारूढ़ दल के लोग संरक्षण देना बंद कर दें तो व्यवस्था सुधर जाएगी, लेकिन हर अपराधी की पहुंच हुक्मरानों तक हो गई है, पुलिस भी इसी की आड़ में भ्रष्टाचार में लिप्त हो गई है।

## श्रेष्ठ योजना के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर

देश के श्रेष्ठ निजी आवासीय विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का मिलेगा अवसर

**रायपुर।** अनुसूचित जाति के मेधावी विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर के उत्कृष्ट निजी आवासीय विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से भारत सरकार की "श्रेष्ठ योजना" के अंतर्गत आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर सांय 5 बजे निर्धारित है। इस योजना के अंतर्गत राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी द्वारा आयोजित राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षा के माध्यम से कक्षा 9वीं एवं 11वीं में प्रवेश हेतु 3000 विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा। यह योजना सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा संचालित है। चयनित विद्यार्थियों को कक्षा 12वीं तक की शिक्षा हेतु शिक्षण एवं छात्रावास शुल्क का संपूर्ण व्यय भारत सरकार द्वारा वहन किया जाएगा। विद्यार्थियों को किसी प्रकार का शुल्क देय नहीं होगा। साथ ही, शैक्षणिक समायोजन के लिए ब्रिज कोर्स का प्रावधान भी किया गया है। योग्य संस्थानों का चयन उनके परिणाम, बुनियादी सुविधाओं एवं पात्रताओं के आधार पर किया जाता है। योजना अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन एनटीए की वेबसाइट के माध्यम से किया जा सकता है।

## पुष्प वाटिका योजना में फाउंटेन पर बैन, मुक्तिधाम योजना के लिए दो चरणों में मिलेंगे 50 लाख



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राज्य सरकार के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने राज्य प्रवर्तित यानी स्टेट स्पांसर्ड योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर बड़ा बदलाव किया है। खास बात ये है कि

■ राज्य प्रवर्तित योजनाओं के लिए सरकार ने बदले मापदंड, तय की नई वित्तीय सीमा

■ नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने जारी किया आदेश

हरिभूमि सरोकार

आठ साल बाद इन योजनाओं के मापदंड और वित्तीय सीमा का नए सिरे से निर्धारण किया गया है। इस संबंध में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने आदेश जारी कर साफ किया है कि जुलाई 2017 में जारी आदेश में संशोधन करते हुए वर्तमान प्रस्ताव अनुसार पुनरीक्षित मापदंड के अनुसार वित्तीय सीमा का निर्धारण किया गया है।

### ये हैं योजनाएं और नए मापदंड

राज्य सरकार द्वारा प्रवर्तित जिन योजनाओं के लिए नए मापदंड बनाए गए हैं, उनमें नवीन सरोवर धरोहर योजना शामिल है। इसके लिए पहले और दूसरे चरण में 30 लाख रुपए प्रति हेक्टेयर राशि दी जाएगी। तालाब का रखरखाव संबंधित निकाय को ही करना होगा। इसी तरह मुक्तिधाम योजना के लिए दो चरणों में 50 लाख का प्रावधान किया गया है। यहां भी रखरखाव और मरम्मत का काम निकाय के जिम्मे होगा। पुष्प वाटिका योजना के लिए पहले चरण में 45 लाख दूसरे चरण में 5 लाख और तीसरे चरण में 7 लाख रुपए दिए जाएंगे। खास बात ये है कि इस योजना में फाउंटेन स्थापित करने पर प्रतिबंध लगाया गया है। हाट बाजार समृद्धि योजना के लिए नगर निगमों को 150 लाख, नगरपालिका को 100 लाख, तथा नगर पंचायत को 50 लाख रुपए देने का प्रावधान किया गया है। डॉ. बीआर आंबेडकर सर्व समाज मांगलिक भवन योजना के लिए नगर निगम को 350 लाख, नगरपालिका को 200 लाख तथा नगर पंचायत को 100 लाख रुपए का प्रावधान किया गया है। पिंक टॉयलेट योजना के लिए 35 लाख का प्रावधान किया गया है।

### नई योजनाओं पर लागू होंगे प्रावधान

इसके साथ ही इन सभी योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए नवीन मापदंड तय किए गए हैं। सभी निकायों से कहा गया है कि इन योजनाओं के लिए पूर्व में जारी दिशा निर्देश यथावत रहेंगे। भविष्य में प्रस्तावित योजनाओं के लिए प्रस्ताव संशोधित मापदंड के अनुसार बनाया जाए।

## जूट बारदाने की कमी, एकल प्लास्टिक बोरा खरीदी का निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में धान खरीदी 15 नवंबर से शुरू होने जा रही है। बारदाने की कमी को देखते हुए एकल प्लास्टिक बोरा की खरीदी करने का निर्णय लिया है, जिससे अब बारदानों की कमी दूर हो जाएगी। मार्कफेड ने इसके लिए टेण्डर जारी कर दिया है। छत्तीसगढ़ विपणन संघ द्वारा बारदाना खरीदी के लिए जूट कमिश्नर कोलकाता से संपर्क किया गया, लेकिन यहां पर जूट की बारदाने की कमी है। इसके चलते राज्य शासन ने एकल प्लास्टिक बोरा खरीदने का निर्णय लिया है। बारदाना खरीदी के लिए मार्कफेड ने टेण्डर जारी कर दिया है। यह खरीदी जेम पोर्टल के आधार पर की जाएगी। राज्य में इस समय 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदा जाएगा, जिसके कारण लाखों बोरा की आवश्यकता पड़ेगी। केंद्र शासन द्वारा प्लास्टिक बोरों की अनुमति नहीं दी जाती थी, लेकिन जूट के बारदाने की कमी की देखते हुए इसकी अनुमति प्रदान कर दी गई है। सरकार ने धान खरीदी के लिए नए और पुराने जूट के बोरों की व्यवस्था करने निर्देश दिए हैं। वहीं पुराने बारदाने के अलावा पीडीएस के दुकानों से बारदाने एकत्रित कराए जा रहे हैं। मार्कफेड ने परिवहन, कंप्यूटर ऑपरेटरों की भर्ती सहित अन्य कार्यों के लिए भी टेण्डर जारी कर दिया है।



### आरटीजीएस सिस्टम से भुगतान

विभिन्न व्यवसायिक बैंकों से 50 लाख करोड़ का ऋण लिया जा रहा है। अपेक्स बैंक के माध्यम से इसका भुगतान किया जाएगा। केंद्रीय सहकारी बैंक रायपुर, अंबिकापुर, दुर्ग, राजनांदगांव, जगदलपुर बैंक में किसानों को आरटीजीएस सिस्टम से भुगतान किया जाएगा। इसके लिए अपेक्स बैंक द्वारा एक सॉफ्टवेयर बनाया जा रहा है, जो कि सिर्फ केंद्र के निर्देशानुसार फसल की तथा राजस्व विभाग की निर्धारित शर्त पूरी करेगा। राज्य में कुल 2319 धान खरीदी केंद्र शुरू किए जा रहे हैं। वर्तमान में मार्कफेड धान खरीदी को लेकर घाटे में चल रहा है। चावल माफिया, राईस मिलर्स मार्कफेड को घाटे में ले जा रहे हैं। प्रदेश में आठ लाख टन गठान बारदानों की आवश्यकता होती है।

### प्राकृतिक आपदा की संभावित जानकारी देंगे तीन एप

**रायपुर।** भारत सरकार द्वारा आपदाओं जैसे बाढ़, आकाशीय बिजली, जंगल में आग, लू, ताप आदि के बारे में जनसामान्य को पूर्व चेतावनी के लिए विकसित किए हैं, जो गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध है। इसी प्रकार आपदा के लिए टोल फ्री नंबर 1070 है। आकाशीय बिजली घटित होने के कारण अधिक संख्या में जन एवं पशु हानि की सूचना प्राप्त होती है। दामिनी एप के माध्यम से आकाशीय बिजली का पूर्वानुमान (20-31 किलोमीटर का दायरा)आवश्यक तैयारी, उपाय आदि की जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

# गांव-गांव में रही मातर उत्सव की धूम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

गांव-गांव में मातर उत्सव की धूम रही। यदुवंशीय सुबह से गौ पूजा में लग गए थे। दिनभर कार्यक्रम का सिलसिला चलता रहा। इस दौरान मेला का भी आयोजन हुआ। आसपास के कई गांव के लोग मेले में शामिल हुए। इसी के साथ मड़ई मेला का सिलसिला शुरू हो गया।

पांच दिवसीय दीपावली उत्सव की अंतिम कड़ी के रूप में गुरुवार को विभिन्न गांवों में मातर उत्सव का आयोजन किया गया। ग्राम भानपुरी में मातर उत्सव की तैयारी सुबह से शुरू हो गई थी, जहां पर सुबह कलश यात्रा, डिवहारिन देवी की गोठान में स्थापना, ठाकुर जोहारनी सहित कई कार्यक्रम हुए। कार्यक्रम स्थल में सुबह से मेला का माहौल शुरू हो गया था। दोपहर से भीड़ भी जमा हो गई थी। देवी देवताओं की डांग डंगनी, आंगा देव की सवारी देखने लोगों का तांता लगा रहा। गांवों में गोवंश के अच्छे स्वास्थ्य और उन्नति के लिए साहड़ा देव की विशेष पूजा की गई। कुम्हड़ा ढुलाई की रस्म निभाकर कुम्हड़ा को गोवंश के पैरों से तुड़ाया गया। इसी कुम्हड़ा और जिमीकंद, शकरकंद को मिलाकर खिचड़ी पकाई गई और लोगों में प्रसादी के रूप इसे वितरण किया गया। इस दौरान अखाड़ा, राउतनाचा, करतब सहित कई प्रकार के आयोजन हुए। कार्यक्रम स्थल पर सत्यनारायण की पूजा भी हुई।

ग्राम जुनवानी, गोकुलपुर, देमार, भानपुरी, भटगांव, कंडेल, देवपुर, कांशीपुरी सहित जिले के 100 से ज्यादा गांवों में मातर का आयोजन किया गया। ग्राम भटगांव में रावण मारो समिति द्वारा आयोजित मातर उत्सव में कई कार्यक्रम रखे गए थे। राउत नाचा, अखाड़ा प्रदर्शन सहित कई कार्यक्रम ने लोगों को आकर्षित किया। कई गांवों से मेहमान मातर में शामिल हुए। रात में मनोरंजक कार्यक्रम की प्रस्तुति हुई।



तापमान
अधिकतम 32.2 डिग्री
न्यूनतम 24.6 डिग्री

हरिभूमि
महासमुंद भूमि
रायपुर, शनिवार 25 अक्टूबर 2025

12 खट्टी में परंपरागत तौर पर मनाया मातर पर्व


12 अभ्यारण्य आगमन पर ग्रामीणों ने की डीएफओ ...




## खबर संक्षेप



### फल व्यवसायी के साथ मारपीट, वाहन को किया क्षतिग्रस्त

**महासमुंद।** आरंग से सामान खाली कर ढाबा में खाना खाने रूके महासमुंद के एक फल व्यवसायी के साथ अज्ञात लोगों ने मारपीट कर उसके वाहन को क्षतिग्रस्त कर दिया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर तुमगांव थाने में अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को फल व्यवसायी अमित निषाद निवासी वार्ड नं 27 गुडरूपारा बजरंग चौक महासमुंद ने बताया कि 23 अक्टूबर को वह आरंग से सामान खाली करके अपने पिकअप वाहन क्र सीजी 06 जीएम 4272 को ज्ञानी ढाबा के सामने खड़ी अपने साथी दिनेश यादव के साथ खाना खाने के लिए रूका था। वहीं रोड के दूसरी ओर कुछ लोग वाद विवाद हो रहे थे, जिसको देखने के लिए वह गया, तभी एक चेकदार कपड़ा एवं एक गुलाबी टी शर्ट पहने हुए दो लोगों ने विवाद कर रहे लोगों का साथी समझकर गाली देने लगे। जब उसके दिनेश यादव ने बीच बचाव किया तब उसके साथ भी मारपीट करने लगे और इस दौरान आरोपियों ने पिकअप वाहन के सामने का शीशा भी तोड़ दिया। मामले में अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 324(2), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### दिवाली चंदा के नाम पर पत्नी-पत्नी से मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम मुढ़ीपार में दिवाली चंदा के नाम पर एक व्यक्ति और उसकी पत्नी से मारपीट करने वाले आरोपी के विरूद्ध पिथौरा थाने में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को प्रार्थी निरंजन साहू ने बताया कि 23 अक्टूबर की दोपहर वह अपने घर में था। इसी दौरान गांव का तुषार ठाकुर उसके घर आकर दीपावली चंदा के नाम पर पचास रुपये लेकर चला गया। कुछ देर बाद वह फिर घर में जबरदस्ती घुस गया और कहा कि तुम हमारे गांव में रहते हो, दीपावली का और चंदा देना पडेगा। जब उसने कहा कि पैसा नही है, तब आरोपी ने गाली गलौज कर उसके दाहिने हाथ के छोटी उंगली को दांत से काट दिया। जब उसकी पत्नी सुनीता साहू बीच बचाव करने लगी, तब आरोपी तुषार ठाकुर हाथ में रखे डंडे से मारपीट करते हुए बाल पकड़ कर जमीन पर गिरा दिया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 118(1), 296, 333 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# चार सूत्रीय मांगों को लेकर सहकारी समिति कर्मचारियों का आंदोलन शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला सहकारी समिति कर्मचारी संघ द्वारा अपने चार सूत्रीय लंबित मांगों पूर्ण नहीं होने पर धान खरीदी का बहिष्कार करते हुए अनिश्चितकालीन आंदोलन करने की चेतावनी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर दी है।

ज्ञापन में कहा गया है कि छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ रायपुर छत्तीसगढ़, प्रांतीय संगठन छत्तीसगढ़ एवं छत्तीसगढ़ समर्थन मूल्य धान खरीदी ऑपरेटर संघ रायपुर के संयुक्त आह्वान पर लंबित मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन घोषित की गई है। जिसमें जिला महासमुंद के सहकारी समिति में कार्यरत समस्त कर्मचारी शामिल होंगे।

आंदोलन की रूप रेखा में 24 अक्टूबर शुक्रवार जिला महासमुंद के जिला मुख्यालय पर जिला स्तरीय ज्ञापन रैली के माध्यम से छत्तीसगढ़ के विभिन्न मंत्रियों के नाम जिलाधीश को ज्ञापन सौंपा जाएगा। 28 अक्टूबर मंगलवार को एक दिवसीय प्रदेश स्तरीय महाहुंकार ज्ञापन रैली के माध्यम से विभिन्न मंत्रियों को ज्ञापन, 03 नवंबर से 11 नवंबर तक संभाग स्तरीय अनिश्चित कालीन आंदोलन एवं 12 नवंबर से लंबित जायज 4 सूत्रीय मांगों की पूर्ति के लिए छग शासन केबिनेट के निर्णय तक जारी रहेगा। उक्त 4 सूत्रीय खाद्य विभाग एवं सहकारिता विभाग की मांगें शीघ्र छत्तीसगढ़ शासन कैबिनेट की बैठक में मुहर लगाकर सहकारी समितियों के लगभग 15000 कर्मचारियों एवं 2739 उपार्जन केंद्रों के संविदा कर्मचारी कंप्यूटर ऑपरेटरों के उज्ज्वल भविष्य को संवारने के लिए अनिश्चितकालीन आंदोलन की रूपरेखा तैयारी की गई। इन मांगों की पूर्ति व उचित कार्रवाई की मांग की है।




### कलेक्टर के नाम सौंपा गया ज्ञापन

#### इन मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

कांडे कमेटी की अध्यक्षता रिपोर्ट सेवानियम 2018 संशोधन में भविष्य निधि, महंगाई भत्ता, ईएसआईसी, संस्था के दैनिक, संविदा कर्मचारियों को सीधी भर्ती में प्राथमिकता, बोनस अंक अनिवार्य कर शीघ्र लागू करते हुए बैंक कैडर समिति प्रबंधक पद, तृतीय व चतुर्थ श्रेणी के बैंकों के खाली पदों पर समितियों के सहायक कर्मचारियों को 50 प्रतिशत विभागीय भर्ती करते हुए उम्र और योग्यता में शिथिलता प्रदान करने की मांग की।

## विडंबना: निर्माण शुरु हुए 5 माह बीत चुके है, लेकिन अभी भी कार्य अधूरा

# गौरव पथ निर्माण का काम धीमा क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत भी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला मुख्यालय के गौरव पथ का निर्माण शुरु हुए 5 माह बीत चुके हैं। लेकिन, नाली निर्माण कार्य भी अब तक पूरा नही हो पाया है। पहले मानसून सीजन का हवाला देकर कार्य धीमा रहा वहीं अब भी कई स्थानों पर नाली निर्माण का कार्य अब भी शुरु नही हो पाया है। वहीं गुणवत्ताहीन कार्य को लेकर अभी से सवाल उठने लगे हैं।

बारिश के बाद सड़क में कई जगह गड्ढे हो गए हैं, इनका सुधार नहीं किया जा रहा है जिसके कारण लोगों को आवाजाही में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोग धूल और गढ्ढों से परेशान है। दरअसल, संकरी जगहों पर वाहनों को साइड देने में दिक्कत पेश आ रही है।

सड़क चौड़ीकरण और डिवाइडर निर्माण कार्य पोल शिफ्टिंग के मामलों को लेकर गति नही पकड़ पा रहा है। कुछ स्थानों में रविवार को विद्युत पोल की शिफ्टिंग भी की गई। वहीं अभी भी काफी पोलों की शिफ्टिंग शेष है।



पेड़ों की कटाई नहीं होने से नाली निर्माण भी प्रभावित हुआ है। वहीं त्योहारी सीजन में मजदूरों की कमी से भी कार्य पर असर पड़ा है। चौड़ीकरण में देरी से रात में लोगों को परेशानी होती है। सड़क पर अंधेरा छाया रहता है। बताते हैं कि इसके कारण पिछले दिनों दो कारों में आमने-सामने भिड़ंत भी हो गई थी। कई बार ट्रैक्टर जैसे वाहनों का अनुमान नहीं लग पाता है। लोग लंबे समय से डिवाइडर बनने का इंतजार कर रहे हैं। लोक निर्माण विभाग के एसडीओ अनिल अग्रवाल ने बताया कि पोल शिफ्टिंग व पेड़ों की कटाई पूर्ण होने के बाद डिवाइडर निर्माण का कार्य प्रारंभ होगा। पेड़ों की कटाई होने के बाद डिवाइड पर कार्य शुरू होगा। डिवाइडर का निर्माण कार्य जल्द प्रारंभ होगा।

### कई जगहों पर नाली की ऊंचाई ज्यादा

तुमगांव रोड पर कई जगहों पर नाली की ऊंचाई ज्यादा हो गई। सड़क से लगे मकानों में रहने वाले लोगों को आने-जाने में दिक्कत होती है। इसके अलावा महासमुंद से तुमडबरी जाने वाले मार्ग पर कई बार ट्रक मोड़ नहीं पाते हैं। इससे वाहनों की कतार भी लग जाती है। धान संग्रहण केंद्र होने से यहां पर बड़ी संख्या में ट्रकों की आवाजाही होती है। कई जगहों पर कंक्रीट पाइप डाला गया है। उसके ऊपर सीधे मिट्टी डाल दी गई है। कुछ दिनों पहले एक ट्रक भी इस मिट्टी में धंस गया था और काफी मशक्कत के बाद बाहर ट्रक को निकाला गया। कहीं-कहीं पर नाली को कवर करने का कार्य किया जा रहा है।

# पटेवा क्षेत्र में सक्रिय शराब माफिया को बागबाहरा पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झलप

- स्थानीय पुलिस की भूमिका पर उठ रहे सवाल, नेताओं से संबंध का दिखाता था धौंस

दीपावली से दो दिन पहले झलप क्षेत्र के कथित कुख्यात शराब माफिया मधुकांत शुक्ला को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी के पास से 31 पौवा शराब जब्ती कर आबकारी एक्ट की धारा 34 (2)के तहत मामला दर्ज किया है।



जानकारी के अनुसार झलप पटेवा थाना क्षेत्र में आता है। लेकिन, कार्रवाई बागबाहरा पुलिस द्वारा की गई है। यह बात स्थानीय लोगों के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है। लोग यह पहेली नही सुझा पा रहे कि झलप, पटेवा थाना क्षेत्र में आता है, तो स्थानीय पुलिस इस मामले में मौन क्यों रही? सूत्रों की मानें मधुकांत शुक्ला लंबे समय से खुद के सोशल मीडिया अकाउंट में अपनी फोटो प्रदेश के बड़े भाजपाई नेताओं के साथ प्रदर्शित कर इसकी आड़ में अवैध गतिविधियों को अंजाम दे रहा था। स्वयं को ऊंची पहुंच वाला बताकर क्षेत्र में धौंस जमाया करता था।

बताया जा रहा है कि इसी प्रभाव के कारण स्थानीय स्तर पर उसके खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई थी। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि झलप में अवैध शराब का कारोबार वर्षों से पनप रहा है और कई प्रभावशाली लोगों की इसमें मिलीभगत की चर्चा है। अब जब माफिया गिरफ्तार हो चुका है, तो जनचर्चा का केंद्र यह है कि क्या पुलिस इस पूरे नेटवर्क पर नकेल कसेगी या कार्रवाई यहीं थम जाएगी?

# बंदूक और चाकू दिखाकर पेट्रोल भराने आए युवक से लूट, तीन आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पेट्रोल भराने आए एक युवक के साथ तीन लोगों द्वारा बंदूक और चाकू दिखाकर लूटपाट किए जाने की रिपोर्ट पर सरायपाली थाने में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

सरायपाली पुलिस को प्रार्थी बसंत कुमार साहू निवासी बलौदा ने बताया कि वह सरायपाली के एक अस्पताल में फार्मासिस्ट के पद पर कार्य करता है। वह 23 अक्टूबर की शाम 4:30 बजे श्री होटल के सामने पेट्रोल पंप पर पेट्रोल भराने गया था। उसी समय एक मोटर सायकल क्र. ओडी 03 ए1453 एचएफ डिलक्स में अजित लाला, हिमांशु सोना और दीपक डडसेना उसके पास आए। इस दौरान अजित लाला अपने पास एक छोटा बंदूक रखा था तथा हिमांशु सोना अपने पास एक चाकू हुआ। वे लोग उसे पेट्रोल पंप के वाशरूम में ले गए तथा चाकू व बंदूक दिखाकर कहा कि जो पैसा है उसे दो, नहीं तो गोली मार देंगे। तब आरोपियों ने उसके पास रखे 500 रुपये को लूट लिया और 250 रुपए फोनपे कराकर पेट्रोल डलवा लिया। साथ ही आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। मामले में आरोपियों के विरूद्ध आर्म्स एक्ट की धारा 25 व 27, 309(4), 311 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# धान खरीदी घोटाले पर कार्रवाई नहीं हुई तो 30 को करेंगे चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा(ग्रामीण)

सहकारी समिति सागुनढाप में वर्ष 2024-2025 के दौरान हुए धान खरीदी घोटाले में जांच और कार्रवाई न होने से किसान आक्रोशित हैं। किसानों ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि 29 अक्टूबर तक घोटाले की जांच नहीं होती है, तो वे 30 अक्टूबर को चक्काजाम करेंगे।

गौरतलब है कि ग्रामीण सेवा साख सहकारी समिति सागुनढाप में प्राधिकृत अधिकारी मथामणी बढ़ाई और धान खरीदी प्रभारी हरिलाल साव द्वारा 1514.40 क्विंटल धान का घोटाला किया गया है। किसानों ने बताया कि घोटाले की राशि को अन्य किसानों के माध्यम से मथामणि बढ़ई के बैंक खाते में आरटीजीएस कराया गया था। किसानों ने 25 सितंबर 2025 को जिला प्रशासन से मथामणि बढ़ई और हरिलाल साव को पद से हटाकर गबन की राशि वसूलने और संवैधानिक कार्रवाई करने की मांग की थी। इस पर, उप पंजीयक, जिला सहकारी संस्थाएं, महासमुंद ने 6 अक्टूबर 2025 को प्राधिकृत अधिकारी मथामणि बढ़ई को पद से हटाने का आदेश जारी कर दिया है। हालांकि, किसानों का आरोप है कि अधिकारियों द्वारा जानबूझकर दोषियों और जिम्मेदार लोगों को बचाने के लिए आज तक घोटाले के संबंध में किसी भी प्रकार की जांच नहीं की जा रही है।



इसके चलते सहकारी समिति सागुनढाप के किसानों ने जिला प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि 29 अक्टूबर 2025 तक समुचित जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई नहीं की गई, तो वे 30 अक्टूबर गुरुवार को दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक राष्ट्रीय राजमार्ग 53, लोहरिनडोंगरी चौक सांकरा में चक्काजाम करेंगे। किसानों ने कहा है कि इसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

## बागबाहरा पुलिस ने रिपोर्ट के आधार दर्ज किया अपराध

# मारपीट के तीन मामले, आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बागबाहरा थाना अंतर्गत मारपीट के तीन अलग-अलग मामलों में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पहले मामले में पुलिस को प्रार्थी तरूण तिवारी निवासी ग्राम घुंचापाली ने बताया कि 22 अक्टूबर को लगभग 3 बजे उसे शुभम तिवारी ने फोन कर कहा कि आश्रम में आकर अपना कपडा ले जाओ। इसके बाद वह ग्राम घुचापाली स्थित आश्रम में अपना कपड़ा लेने गया, जहां पहुंचकर उसने शुभम तिवारी से पूछा कि उसका कपड़ा कौन लिया था, इस बीच पीछे से आकर कपिल तिवारी ने अचानक आकर उसके सिर मे लकडी के बल्ली से मारपीट किया है। मारपीट करने से वह बेहोश हो गया, कुछ देर बाद होश आने के पर उसने अपनी पत्नी को फोन करके बुलाया, तब जब उसकी पत्नी वहां पर आई तो उसके साथ भी गाली गलौच किया गया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### पुरानी रंजिश पर मारपीट

दूसरे मामले में प्रार्थी जितेंद्र श्रीवास निवासी ग्राम मौलीमुंडा ने पुलिस को बताया कि 10-15 दिन पूर्व गांव के तालाब से पानी निकासी की बात को लेकर, उसके पिताजी एवं भूपेंद्र चंद्राकर की मम्मी के बीच वाद विवाद हुआ था। इसी रंजिश को लेकर 22 अक्टूबर को लगभग 9 बजे गांव का भूपेंद्र चंद्राकर अपने साथी उदित यादव एवं दुर्गेश साहू के साथ हमारे घर के सामने आकर उसके पिताजी को हमारी मम्मी से गाली गलौज क्यों किए कहकर मारपीट करने लगे। जब प्रार्थी और उसके चाचा बीच बचाव करने आये तो उनके साथ भी हाथ मुक्का एवं हाथ में पहने हुए कड़े से मारपीट की गई। मामले में रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### लेनदेन, मारपीट

इसी तरह मारपीट के एक अन्य मामले में प्रार्थी रविंदर पाल सिंह दुआ वार्ड नंबर 08 गुरुद्वारा पारा बागबाहरा ने पुलिस को बताया कि 22 अक्टूबर को करीब 9 बजे सोसायटी के पीछे मोनू होरा के छत में मै, जोगेंद्र सलूजा, गगन सलूजा, एवं पपिंदर छावड़ा मिलकर पार्टी कर रहे थे, तभी नीचे से रवि चंद्राकर ने छत ऊपर आकर उसे कहा कि नीचे चलो जो भी पैसे के लेनदेन की बात है, करेंगे। इसके बाद वह उनके साथ नीचे गया, जहां पहले से मौजूद नीरज सोनी, मांगी जैन एवं बिट्टू सरदार ने एक राय होकर गाली गलौज कर मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। मारपीट को देखकर उसका बेटा देवसिंह दुआ बीच बचाव करने आया तो उसके साथ भी हाथ मुक्का से मारपीट किया गया। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# मूलभूत एवं 15वें वित्त की राशि का भुगतान नहीं होने से ग्राम पंचायतों में अटके मूलभूत काम : चातुरी

**सरायपाली (ग्रामीण)।** महासमुंद जिले की ग्राम पंचायतों को विगत छः माह से अधिक समय से मूलभूत राशि एवं 15वें वित्त आयोग की राशि का भुगतान न होने पर सरायपाली विधायक चातुरी नंद ने जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को पत्र लिखकर जल्द भुगतान करने का आग्रह किया है।

इस सम्बन्ध में मीडिया को जारी बयान में विधायक चातुरी नंद ने राज्य की विष्णु देव साय सरकार पर ग्राम पंचायतों में राशि जारी नहीं करने पर बड़ा हमला बोला है। विधायक चातुरी नंद ने भाजपा सरकार पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि आज ग्राम पंचायतों में मूलभूत कार्यों की फंड की कमी है। विगत 6 माह से अधिक समय से मूलभूत राशि और 15वें वित्त की राशि का भुगतान अब तक नहीं किया गया है। फंड नहीं होने से ग्राम पंचायतों में पेयजल, नाली, साफ सफाई सहित मूलभूत कार्य अटके हुए है।

विधायक नंद ने कहा कि ग्राम पंचायतों के विकास कार्य आज ठप हैं, सरपंच और पंचायत असहाय हैं, लेकिन सरकार के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही। उन्होंने जिला पंचायत महासमुंद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को पत्र लिखकर सभी लंबित राशि के तत्काल भुगतान की मांग की है। विधायक चातुरी नंद ने कहा "यह कैसी सुशासन सरकार है जो गांवों की नब्ज़ तक सुनने को तैयार नहीं? ग्राम पंचायतों की राशि अटकाकर सरकार ने विकास की रफ्तार को ही रोक दिया है। किसान बेहाल हैं, फसल की सही कीमत नहीं मिल रही, बिजली बिलों में भारी बढ़ोतरी से जनता त्रस्त है, लेकिन सरकार केवल विज्ञापनों में विकास दिखा रही है।" उन्होंने आगे कहा कि राज्य में आम जनता, किसान और पंचायतें आज अपने ही हक के लिए भटक रही हैं। सुशासन के नाम पर सिर्फ़ "भ्रम और बहाने" परोसे जा रहे हैं। विधायक नंद ने यह भी कहा कि "किसानों को मुफ्त बिजली देने का वादा करने वाली सरकार अब हर महीने बिजली के नाम पर जेब काट रही है।

किसानों को खाद बीज की आपूर्ति नहीं कर पा रही है और ऊपर से बिजली बिल दोगुना कर दिया गया है। ये कैसा न्याय है?" उन्होंने कहा कि "सरकार पंचायतों की राशि रोककर लोकतंत्र की जड़ों पर प्रहार कर रही है। सरपंच संघ सरायपाली ने मुझसे मुलाकात कर यह दर्द साझा किया है, और मैं यह आवाज़ विधानसभा से लेकर सड़क तक बुलंद करूंगा।" विधायक ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा ग्राम पंचायतों, किसानों और आम जनता की आवाज़ रही है। अगर सरकार ने जल्द ही लंबित राशि जारी नहीं की तो हम आंदोलन करने के लिए बाध्य रहेंगे।

## खबर संक्षेप

### मैकूलाल ने सीएम और शिक्षा मंत्री को लिखा पत्र

**कोमाखान।** महिलाओं व युवतियों के साथ छेड़छाड़, अत्याचार, अपहरण, लूटमार हत्या के बढ़ते ग्राफ को देखते हुए सेल्फ डिफेंस के लिए नियुद्ध सीखने की आवश्यकता पर जोर देते हुए आचार्य मैकुलाल चक्रधारी ने मुख्यमंत्री और शिक्षामंत्री को पत्र लिखा है। जिसमें उन्होंने मांग की है कि यह कला सीखना आवश्यक है ताकि, मुसीबत में चोर-लुटेरों, गुंडे बदमाशों से अपना बचाव कर सकें। यदि नियुद्ध मार्शल आर्ट्स को स्कूलों कॉलेजों में लागू कर दिया गया तो कुछ सालों में सभी महिलाएं योद्धा बन सकती हैं और उनके साथ हो रहे अपराध बंद हो सकते हैं।

### पंचायत व निकायों को बाल विवाह मुक्त घोषित करने मंगाए गए आवेदन

**महासमुंद।** जिले में बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकाय घोषित करने की प्रक्रिया की जानकारी देते हुए विभागीय अफसर ने बताया कि ऐसे ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों को बाल विवाह मुक्त घोषित किया जाना है, जहां विगत दो वर्षों वित्तीय वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 में किसी भी प्रकार का बाल विवाह प्रकरण संज्ञान में नहीं आया हो। जिला महासमुंद अंतर्गत 232 ग्राम पंचायतों एवं 02 नगरीय निकायों से इस संबंध में नियमानुसार प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इन सभी ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों को बाल विवाह मुक्त घोषित कर प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा।

## निधन

### बीएस ठाकुर



**कोमाखान।** ग्राम बिड़ोरा निवासी बीएस ठाकुर (74) सेवानिवृत अधीक्षक प्रो मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास कोमाखान का गुरूवार निधन हो गया। सायं उनकी अंत्येष्टि कर दी गई। वे गिरिराज ठाकुर शिक्षक, ईश्वर ठाकुर (पुलिस) एवं शिक्षक धरम ठाकुर के पिता थे।

### महजबीन कुरैशी



**महासमुंद।** शहर के स्टेशन रोड निवासी महजबीन कुरैशी का आकस्मिक निधन हो गया है। 24 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे कब्रिस्तान में उन्हें सुपुर्द-ए-खाक किया गया। वे स्व. हुसैन कुरैशी की धर्मपत्नी व क्रिकेट कोच शबाब कुरैशी की माता थीं।

### शकुंतला देवी गुप्ता

**महासमुंद।** शहर के रायपुर रोड निवासी शकुंतला देवी गुप्ता (78) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे संदीप गुप्ता और संजीत गुप्ता की माता थीं।

### पुष्पा चंद्राकर



**बेलसोंडा।** ग्राम बेलसोंडा निवासी श्रीमती पुष्पा चंद्राकर का 23 अक्टूबर को निधन हो गया। वे पुनित राम चंद्राकर की पत्नी, बेकरी संचालक टीकम चंद्राकर की माता थीं। उनका अंतिम संस्कार 24 अक्टूबर को महानदी घाट में किया गया।

### विमला गोस्वामी



**महासमुंद।** विमला गोस्वामी का 75 वर्ष की अवस्था में निधन हो गया। वे स्व. शिवनारायण गिरी की धर्मपत्नी तथा नरोत्तम गिरी की मां थीं। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम तोरला (पटेवा) में किया गया। इस दौरान समाज के जिलाध्यक्ष तोषण गिरी गोस्वामी, कोषाध्यक्ष डिगेंद्र गिरी, संजय गिरी, अजय गिरी, धीरेंद्र गिरी, राजू गिरी, रामपुरी, वीरेंद्र गिरी, नोहर गिरी, यदुवेन्द्र गिरी सहित समाज, परिवार तथा ग्रामीण उपस्थित रहे।

# खट्टी में परंपरागत तौर पर मनाया मातर पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तेंदूकोना



ग्राम खट्टी में परंपरागत उल्लास और भक्ति भाव के साथ मातर पर्व का आयोजन किया गया। पूरे गांव में हर्षोल्लास के माहौल देखने को मिला। यादव बंधुओं ने पारंपरिक वेशभूषा में पूजा -अर्चना की तथा ग्राम के युवाओं और वरिष्ठों ने एकजुट होकर कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष प्रीतम यादव थे। विशेष अतिथि के रूप में नंद लाल यादव जिला संरक्षक, भेखराम यादव सुवरमाल परिक्षेत्र अध्यक्ष, राहुल यादव युवा प्रकोष्ठ प्रभारी, लाला राम यादव आदि उपस्थित रहे।

इस अवसर पर प्रीतम यादव ने ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि मातर पर्व हमारी संस्कृति, परंपरा और एकता का प्रतीक है। ऐसे पर्व न केवल हमें हमारी जड़ों से जोड़ते है, बल्कि सामाजिक समरसता और आपसी भाईचारे को भी मजबूत करते है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे समाज सेवा और सांस्कृतिक परंपराओ के सरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाए। उहोंने आगे कहा कि गांव में मातर पर्व हमेशा से एकता, श्रम और सहयोग का प्रतीक रहा है और आने वाली पीढ़ियों को भी इस गौरव को बनाए रखना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से देवी देवताओं की पूजा अर्चना की और क्षेत्र में सुख सम्रद्धि की कामना की।

ग्राम के वरिष्ठजनों ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मातर पर्व का आयोजन सामाजिक एकता और धार्मिक आस्था के साथ किया गया। जिसमें सरपंच प्रतिनिधि, किसुन यादव, धरमु यादव, गोवर्धन यादव, तोरण यादव, लुकेश यादव सहित बड़ी सख्या में मातृशक्ति, बुजुर्ग, युवाजन उपस्थित रहे।

# अग्रवाल नर्सिंग होम में निःशुल्क छाती एवं श्वास रोग शिविर कल

**बसना।** अग्रवाल नर्सिंग होम में 26 अक्टूबर को सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक निःशुल्क छाती एवं श्वास रोग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में हैदराबाद की सुप्रसिद्ध डॉ. रजनी (एमडी पल्मोनोलॉजी) डेक्कन मेडिकल कॉलेज हैदराबाद से प्रशिक्षित 6 वर्षों से अधिक अनुभवी डॉक्टर अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। डॉ. रजनी चेस्ट फिजिशियन के साथ साथ क्रिटिकल केयर, आईसीयू, कोविड रोग विभाग में दक्ष विशेषज्ञ हैं। अब बसना अग्रवाल नर्सिंग होम में इनकी उपलब्धता प्रतिदिन रहेगी। शिविर में विभिन्न रोगों का परामर्श निःशुल्क एवं जांच में 30 प्रतिशत छूट की सुविधा उपलब्ध होगी।



लम्बी खांसी, टीबी, छाती में दर्द सांस लेने में तकलीफ़, सीओपीडी, अस्थमा, दमा एलर्जी ईओसिनोफिलिया, छाती में पानी भरना, खर्राटे, नींद से जुड़ी समस्याएं (स्लिप ऐपनिया) की जांच की जाएगी। विशेष सुविधा के रूप में सीटी स्केन, ब्रांकोस्कोपी, एक्स रे एवं खून की जाँच पर 30 प्रतिशत छूट भी दी जाएगी।

# कोमाखान में धूमधाम से मनाया गोवर्धन पूजा का पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बोइरगांव



कोमाखान में गोवर्धन पूजा का पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। प्रकृति, आस्था और कृतज्ञता का उत्सव दीपावली के अगले दिन मनाया जाने वाला गोवर्धन पूजा भारत की सांस्कृतिक और धार्मिक परंपरा का एक जीवंत प्रतीक है। यह पर्व न केवल भगवान श्रीकृष्ण के पराक्रम की स्मृति दिलाता है। बल्कि, हमें यह संदेश भी देता है कि प्रकृति के संरक्षण में ही मानवता का भविष्य सुरक्षित है।

श्रीमद्भागवत के अनुसार, जब भगवान कृष्ण ने इंद्रदेव के अहंकार को शांत करने के लिए गोवर्धन पर्वत को अपनी छोटी उँगली पर उठा लिया था, तब से इस दिन को गोवर्धन पूजा के रूप में मनाया जाने लगा। यह घटना केवल धार्मिक कथा नहीं, बल्कि पर्यावरणीय चेतना का भी प्रतीक है। जहाँ मनुष्य, प्रकृति और देवी-देवताओं के बीच संतुलन का संदेश निहित है। इस दिन श्रद्धालु अन्नकूट भोग लगाते हैं, जिसमें विविध प्रकार के अन्न, सब्जियां, मिठाइयां और दुग्ध उत्पाद शामिल होते हैं। गांवों में गाय-भैंसों को सजाया जाता है, और गोबर से गोवर्धन पर्वत बनाकर उसकी पूजा की जाती है। यह परंपरा ग्रामीण जीवन और कृषि से गहरे जुड़े हमारे सामाजिक ताने-बाने को प्रतिबिंबित करती है। आज के आधुनिक युग में जब पर्यावरणीय असंतुलन बढ़ता जा रहा है, गोवर्धन पूजा का संदेश पहले से अधिक प्रासंगिक हो गया है। यह पर्व हमें याद दिलाता है कि प्रकृति केवल हमारी ज़रूरत नहीं, बल्कि हमारी ज़िम्मेदारी भी है। यदि हम धरती, जल, वायु और पशुधन की रक्षा करें, तो वास्तविक रूप से वही सच्ची पूजा कहलाएगी। गोवर्धन पूजा इस बात का प्रतीक है कि भक्ति केवल मंदिरों में नहीं, बल्कि हर उस कार्य में छिपी है जहां हम प्रकृति और जीवन का सम्मान करते हैं। साथ ही साथ बड़े ही आतिशबाजी देखने को मिला।

# जलकी व सुकुलबाय के मातर महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू सिरपुर क्षेत्र के ग्राम जलकी एवं सुकुलबाय में आयोजित मातर महोत्सव में बतौर अतिथि शामिल हुए।

कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने स्मृति चिन्ह, अंग वस्त्र भेंटकर अध्यक्ष साहू का स्वागत किया। अध्यक्ष साहू ने मंच से ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि मातर महोत्सव हमारी संस्कृति, परंपरा और सामाजिक एकता का प्रतीक है, जो गांवों में पारिवारिक और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देता है। उन्होंने कहा कि आज के बदलते परिवेश में ऐसे लोकपर्व हमारी पहचान को बनाए हुए हैं, जिनसे नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जुड़े रहने की प्रेरणा मिलती है। महोत्सव में बड़ी संख्या में ग्रामवासी, जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में नपाध्यक्ष ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस तरह के पर्व समाज में प्रेम, सौहार्द्र और भाईचारे को मजबूत करते हैं।

# माता कर्मा कॉलेज में मोल डे का आयोजन, हुई विविध स्पर्धाएं भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद





शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय में 24 अक्टूबर को रसायन शास्त्र विभाग द्वारा मोल डे का आयोजन किया गया। इस अवसर कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य डॉ. शीलभद्र कुमार के प्रेरणादायक उद्बोधन से हुई। उन्होंने छात्राओं को विज्ञान के प्रति जिज्ञासु बने रहने और रसायन शास्त्र को प्रयोगात्मक रूप से समझने की प्रेरणा दी।

रसायन शास्त्र विभागाध्यक्ष वंदना यादव ने इस अवसर पर बताया कि मोल डे प्रत्येक वर्ष 23 अक्टूबर को मनाया जाता है। इसकी शुरुआत सन 1991 में नेशनल मोल डे फाउंडेशन के संस्थापक मौरिस ओहलर द्वारा की गई थी। यह दिवस अवोगाद्रो संख्या के सम्मान में मनाया जाता है, जिसका मान 6.022 × 10 है। यह संख्या किसी पदार्थ के एक मोल में उपस्थित कणों (परमाणु, अणु या आयन) की संख्या को दर्शाती है। वंदना ने यह भी बताया कि इस दिवस को 23 अक्टूबर को प्रातः 6:02 बजे से शाम 6:02 बजे तक मनाया जाता है। ताकि, यह समय भी अवोगाद्रो संख्या की याद दिलाए। छात्राओं को यह भी बताया गया कि मोल कांसेप्ट रसायन शास्त्र का महत्वपूर्ण कांसेप्ट है, जो हमें पदार्थों की मात्रात्मक समझ प्रदान करता है। इस अवसर पर महाविद्यालय में मोल कांसेप्ट पर आधारित पोस्टर, क्विज एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ ही विशेष रूप से तैयार किए गए मोलेसिक पार्क थीम पर नाटक में छात्राओं ने हास्य, अभिनय और वैज्ञानिक जानकारी का अद्भुत मिश्रण प्रस्तुत किया। नाटक में अवोगाद्रो, प्रोफेसर कार्बन और मोल डायनासॉर्स जैसे किरदारों के माध्यम से रसायन शास्त्र के मोल कांसेप्ट को जीवंत रूप में दर्शाया गया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा।

क्विज प्रतियोगिता में प्रथम डॉली साहू एवं बुशरा हयात अंसारी, द्वितीय अंकिता प्रधान एवं तनुश्री चौहान, तृतीय अंजुमन कुरैशी एवं रागिनी चंद्राकर, भाषण प्रतियोगिता में प्रथम बुशरा हयात अंसारी (बीएससी तृतीय सेमेस्टर), द्वितीय अंकिता प्रधान (बीएससी तृतीय वर्ष) रहे। कार्यक्रम में निर्णायक मंडल के रूप में डॉ. मनोज कुमार शर्मा, डॉ. श्वेतलाना नागल, खगेश्वर प्रसाद नवरंगे एवं वंदना यादव उपस्थित रहीं। सभी ने छात्राओं के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के रचनात्मक आयोजन छात्राओं में वैज्ञानिक सोच और टीम भावना को विकसित करते हैं।

# अभ्यारण्य आगमन पर ग्रामीणों ने की डीएफओ से चर्चा

## विस्थापन व क्षतिपूर्ति के मुद्दों पर दिए आवश्यक निर्देश



**पिथौरा।** बार नवापारा अभ्यारण्य के दौरे पर पहुंचे वन मंडलाधिकारी से ग्रामीणों ने मिलकर चर्चा की और क्षेत्र से संबंधित कई महत्वपूर्ण समस्याओं की जानकारी देते हुए निराकरण की मांग की। ग्रामीणों ने मुख्य रूप से विस्थापन, वन्यजीवों द्वारा फसलों और संपत्ति को हुए नुकसान की क्षतिपूर्ति तथा वन विकास निगम क्षेत्र में क्षतिपूर्ति प्रक्रिया में आ रही कठिनाइयों के विषय में अपनी समस्याएं रखीं। वनमंडलाधिकारी गणवीर धम्मशील ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए वन अधीक्षक कृषाणु चंद्राकर को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीणों को क्षतिपूर्ति के मापदंडों और प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी तथा विस्थापन संबंधी योजनाओं के बारे में भी अवगत कराया। उन्होंने कहा कि वन विभाग का उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करना और मनुष्यों व वन्यजीवों के बीच समन्वय स्थापित करना है।



# शोभायात्रा निकाल कर लक्ष्मी प्रतिमा का किया विसर्जन

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी में स्थित भाठापारा वार्ड में मां लक्ष्मी की मूर्ति युवा सदस्यों द्वारा धनतेरस को विराजित की गई थी। प्रत्येक दिन पूजा अर्चना कर शुक्रवार को विसर्जन यात्रा धूमधाम से निकाली गई। वही दीप पर्व पर घर, प्रतिष्ठान, मंदिर व सरकारी दफ्तरों में भी मां लक्ष्मी व गणेश का विधिवत पूजा की गई है। ग्राम के मुख्य चौराहे से होकर प्रतिमा का विसर्जन के लिए शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में जगह-जगह श्रद्धालुजन शामिल होकर स्वागत द्वार बनाकर,पूजा आरती की। जिसमें श्रद्धालुओं ने डीजे की धुन पर नाचते गाते हुए। परंपरा के अनुरूप देवी लक्ष्मी की मूर्ति का विसर्जन के लिए जयकारों के साथ सभी ग्रामीणों ने नम आंखों से छोटे तालाब में विसर्जन किया। इस दौरान भक्ति मय वातावरण के साथ खूब जयकारे भी लगाए गए। इस अवसर पर महाकाल ग्रुप के धर्म प्रेमी बालक-बालिकाओं का अहम योगदान था।

# सेवा केंद्र उपकार भवन में धूमधाम से मनाया गया दीपोत्सव





हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्थानीय सेवा केंद्र उपकार भवन में दीपोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। पूरा ईश्वरीय परिवार एकत्रित होकर दीपक जलाकर कर सेवा केंद्र को रौशन किया। साथ ही आध्यात्मिक परमात्म ज्ञान के माध्यम से मन में छुपे अज्ञान अंधकार को भी इस पर्व से दूर करने की प्रेरणा ली। सेवा केंद्र संचालिका ब्रम्हा कुमारी प्रीति दीदी ने दीपावली पर संदेश दिया कि यह प्रकाश का पर्व काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार के अज्ञानता रूपी अन्धकार से भटके हुए मनुष्यों को ज्ञान के प्रकाश की ओर मोड़ता है। घर की साफ सफाई मन वचन कर्म की पवित्रता को जीवन में धारण करना सिखाता है। दीपक जलाने का आध्यात्मिक अर्थ यह सिखाता है कि परम ज्योति पिता परमात्मा शिव से आत्मा रूपी दीपक को सदा के लिए ज्योतिर्गमय कर लेना और उनकी पावन प्रकाश से संपूर्ण विश्व अलौकिक हो जाए। व्यापारी नया खाता प्रारंभ करते है, जो हमें सिखाता है कि अपने पुराने स्वभाव संस्कार व विकारों का खाता परमात्मा की याद से खत्म कर नए जीवन की शुरुआत करना है। भैया दूज पर ब्रम्हा कुमारी बहनों ने सभी को आत्मिक तिलक अर्थात भाई-भाई की दृष्टि का तिलक लगाया। दीदी ने बताया यह भाई दूज का पर्व सिर्फ शारीरिक रिश्ता नहीं बल्कि आत्मिक संबंध का प्रतीक है। जहां भाई बहन को उसकी आत्मा की सच्चाई याद दिलाती है। यह पवित्रता आध्यात्मिक ज्ञान परमात्मा से जुड़ने का पर्व है।

